# स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में विशेष आयोजन

**भिलाई नगर।** रजत जयंती वर्ष 2025 एवं स्वच्छता ही सेवा 2025 अंतर्गत आज दिनाँक 20.09.2025 को जोन क्रमांक 03 में युग निर्माण स्कूल के पास स्थित ळटच पॉइंट का विलोपन किया गया । इस अवसर पर सम्मानीय पार्षद इंजीनियर सलमान, भोला साहू पार्षद प्रतिनिधि धर्मेंद्र दिवाकर, पार्षद प्रतिनिधि एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेंद्र बंजारे, पी.आई.यू., अभिनव ठोकने, शुभम पाटनी एवं सुश्री युक्ति देवांगन , जोन 3 के जोनल विनोद एवं अन्य सुपरवाइजर एवं सफाई मित्र शामिल हुए। स्वच्छता ही सेवा 2025 अंतर्गत जोन क्रमांक 04 क्षेत्रान्तर्गत स्वामी आत्मानंद विद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा मानव श्रृखंला बनाया। मानव श्रृंखला का निर्माण पश्चात् स्वच्छता के प्रति बच्चों को जागरूक किया गया । स्कूल के शिक्षक एवं बच्चों द्वारा वृक्षारोपण कर स्कूल परिसर में साफ सफाई किया गया, साथ ही स्वच्छता जागरूकता के लिए शपथ दिलाया गया है। इस अवसर पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, स्वच्छता निरीक्षक अतुल यादव एवं अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

